Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding restoration of halt of train No. 13307/13308 at Hazaribagh Railway Station

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा): अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान झारखंड की ओर ले जाना चाहती हूं । पूर्व मध्य रेल के धनबाद रेल मंडल अंतर्गत हजारीबारी रोड, रेलवे स्टेशन पर मेल व एक्सप्रेस गाड़ियां सभी गाड़ियों का ठहराव लॉकडाउन के पूर्व सामान्य रूप से था । परन्तु वर्तमान में चल रही रेल गाड़ी का ठहराव समाप्त करने की प्रक्रिया की जा रही है, जिसके कारण यात्रियों के साथ-साथ प्रवासी मजदूर जो वापस गए हैं, उनको काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है । इस संबंध में रेल यात्रियों तथा रेल यात्री संघ के द्वारा कुछ गाड़ियों के हजारीबाग रोड, रेलवे स्टेशन पर पूर्व की तरह ही ठहराव जारी रखने की मांग की गई है, जोकि रेल यात्रियों की समस्या को देखते हुए उचित भी है ।

अत: सदन के माध्यम से भारत सरकार से मेरा अनुरोध है कि आम रेल यात्रियों की समस्याओं को दृष्टिगत करते हुए जनहित में हजारीबाग रोड, रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13307/13308 धनबाद फिरोजपुर एक्सप्रेस एवं पटना रांची जन शताब्दी एक्सप्रेस, नई दिल्ली-पूरी एवं पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का ठहराव पूर्व की तरह ही यथावत रखते हुए, सकारात्मक कदम उठाने का कष्ट करें । मैं आपके माध्यम से सरकार से यह आग्रह करती हूं ।